# खाद की मात्रा 50 प्रतिशत बढ़ाने का आश्वासन

- ई-विकास प्रणाली की समीक्षा बैठक संपन्न
- किसानों की गंभीर समस्याओं पर मंथन किया




नवभारत न्यूज

**हरदा, 4 अगस्त. राज्य सरकार द्वारा ई-विकास प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय हरदा में आयोजित हुई.**

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त के.सी. गुप्ता, मार्कफेड के प्रबंध संचालक अभिजीत अग्रवाल, नर्मदापुरम संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ, उपसचिव कृषि रोहित सिसोनिया, जिला कलेक्टर नर्मदापुरम तथा हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन उपस्थित रहे.

बैठक में आम किसान यूनियन की ओर से दिनेश लेगा, करण चौधरी एवं लखन पटेल ने ई-विकास प्रणाली में किसानों को आ रही व्यावहारिक समस्याओं और विसंगतियों को विस्तार से समिति के समक्ष रखा. यूनियन ने वन भूमि, पट्टाधारी एवं सिकमी किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने, सब्जी एवं फल उत्पादक किसानों को योजना में शामिल करने, ग्राम पंचायत स्तर तक खाद वितरण सुनिश्चित करने, प्राकृतिक आपदा के कारण दोबारा बुवाई पर उर्वरक उपलब्ध कराने, ई-विकास एप को सरल बनाकर किसानों को स्वयं मोबाइल से बुकिंग की सुविधा देने तथा फसल, क्षेत्र और मिट्टी के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से उर्वरक की मात्रा तय करने सहित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए.

> आम किसान यूनियन ने समिति को 200 पृष्ठों की विस्तृत सुझाव रिपोर्ट भी सौंपी. समिति ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें विचारार्थ दर्ज किया. बैठक में किसानों को राहत देने की दिशा में रासायनिक उर्वरकों की निर्धारित मात्रा में 50 प्रतिशत वृद्धि करने का आश्वासन दिया गया, जबकि अन्य सुझावों पर भी शीघ्र निर्णय लेने की बात कही गई.

साथ ही हाईब्रिड फसलों के लिए अतिरिक्त उर्वरक तथा सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं के बीच 70:30 अनुपात में खाद वितरण की मांग भी रखी गई.



## तपोभूमि इटारसी में गूंज रही श्री अध्यात्म वाणी

**इटारसी.** श्री तारण तरण जैन चैत्यालय में श्री अध्यात्म वाणी का 49 दिवसीय संगीतमय पाठ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ निरंतर जारी है. 30 जुलाई से प्रारंभ हुआ यह धार्मिक अनुष्ठान 15 सितंबर तक चलेगा. प्रतिदिन सुबह 8:30 से 9:30 बजे तक तारण तरण जैन समाज के श्रद्धालु, माताएं एवं बहनें सामूहिक रूप से भाव-पूजा और पाठ कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं. परम पूज्य बाल ब्रह्मचारी वैराग्य भैया की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस अनुष्ठान से समाज में आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है.

## इटारसी कृषि मंडी में आज होगा बलराम कृषि महोत्सव




- मुख्यमंत्री डॉ. यादव वर्चुअली करेंगे किसानों से संवाद
- आधुनिक खेती की तकनीकों की मिलेगी जानकारी

**इटारसी, 4 अगस्त. इटारसी की कृषि उपज मंडी में बुधवार को बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा.**

दोपहर 12 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर किसानों को संबोधित करेंगे और जिले के प्रगतिशील किसानों से संवाद करेंगे. यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाए जाने की पहल का हिस्सा है. कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, स्थानीय सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. महोत्सव का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नई खेती पद्धतियों और कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से परिचित कराना है.

## एक नजर में




### जड़ी-बूटी दिवस पर विद्यार्थियों ने रोपे पौधे

**नर्मदापुरम.** शासकीय हाई स्कूल साकेत के मेकलसुता ईको क्लब द्वारा जड़ी-बूटी दिवस पर पौधारोपण एवं औषधीय पौधो के वितरण का आयोजन किया गया. वरिष्ठ शिक्षिका रेखा बड़गोत्री ने विद्यार्थियों को औषधीय पौधों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया. विद्यालय परिसर में तुलसी, गिलोय, एलोवेरा, अश्वगंधा सहित विभिन्न औषधीय पौधो ं का रोपण किया गया तथा विद्यार्थियों को नि:शुल्क पौधे वितरित किए गए. कार्यक्रम में सभी शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधो ं की सुरक्षा और हरित पर्यावरण बनाए रखने का संकल्प लिया.

### 9 से 17 तक 'हर घर तिरंगा' अभियान

**हरदा.** मध्यप्रदेश में 'हर घर तिरंगा' अभियान 9 से 17 अगस्त 2026 तक जनभागीदारी के साथ चलाया जाएगा. अभियान के तहत तिरंगा यात्रा, बाइक व साइकिल रैली, तिरंगा मेला, रंगोली, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला और देशभक्ति आधारित आयोजनों का आयोजन होगा. नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा पोर्टल पर अपलोड करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा. इस वर्ष अभियान को 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उत्सव से भी जोड़ा गया है. शासकीय कार्यक्रमों में पहले राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' और उसके बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन' प्रस्तुत किया जाएगा.

### हरदा में दूध व दुग्ध उत्पादों की सघन जांच

**हरदा.** कलेक्टर के निर्देश पर जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है. अभियान के दौरान हरदा, खिरकिया और सिराली की विभिन्न डेयरियों से दूध, घी, दही, पनीर और मावा के सैंपल लेकर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं. जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले ने बताया कि पिछले अभियान में बेड़ियाकला स्थित वासुदेव डेरी का मावा तथा आस्था डेरी का दूध अवमानक पाया गया था. वासुदेव डेरी के विरुद्ध प्रकरण संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, जबकि आस्था डेरी ने दूध के नमूने की दोबारा जांच के लिए सेंट्रल लैब में आवेदन किया है. उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में मिल्क एवं मिल्क प्रोडक्ट्स की जांच का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि आम उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके.

### लायंस रीजन का सेवा और नेतृत्व विकास पर मंथन

**पिपरिया.** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी-2 के रीजन-4 की स्टाफ मीटिंग रविवार को श्री हरिसुमन पुरोहित गार्डन में उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई. बैठक में सेवा कार्यों के विस्तार, सदस्यता वृद्धि, नए क्लब गठन, नेतृत्व विकास और क्लब गुणवत्ता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और ध्वज वंदना के साथ हुआ. मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लायन मनीष शाह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सदस्यता वृद्धि, नए क्लबों का निर्माण और नए नेतृत्व का विकास ही लायंस संगठन की मजबूती का आधार है. उन्होंने सभी क्लबों से वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों को पूरा करने का आह्वान किया. विशिष्ट अतिथि पीएमजेएफ लायन पंकज मारू ने लायंस बेसिक विषय पर जानकारी देते हुए फाउंडेशन को मजबूत बनाने पर जोर दिया. वहीं एमजेएफ लायन संजय सक्सेना ने सेवा परियोजनाओं के माध्यम से समाज में संगठन की पहचान बढ़ाने की बात कही. प्रशिक्षण सत्र में पीडीजी लायन पीएस बग्गा, लायन दिलीप धारीवाल, पीएमजेएफ लायन शीला तिवारी, एमजेएफ लायन रविंदर कौर बग्गा सहित अन्य वक्ताओं ने नेतृत्व विकास, नए क्लब गठन, सकारात्मक सोच, क्लब क्वालिटी और सेवा परियोजनाओं पर मार्गदर्शन दिया.

## खाद किल्लत पर किसानों का फूटा गुस्सा, किया चक्काजाम

- एसडीएम के आश्वासन के बाद खुला रास्ता
- वितरण व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 4 अगस्त. डीएपी और यूरिया खाद की कमी से परेशान किसानों ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया. सुबह से खाद के लिए कतार में खड़े किसानों को पोर्टल पर डेटा नहीं दिखने और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश नहीं मिलने का हवाला देकर लौटाया जा रहा था, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ गई.**

चक्का जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई. सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता गजानन (गज्जू) तिवारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी. उन्होंने एसडीएम नीलेश शर्मा से बातचीत कर जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की.

मौके पर पहुंचे एसडीएम नीलेश शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर खाद वितरण व्यवस्था सुचारू कराई, जिसके बाद किसानों ने आंदोलन समाप्त कर दिया. एसडीएम ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान कर दिया गया है. खाद वितरण व्यवस्था अब सुचारू रूप से संचालित की जा रही है, जिससे किसानों को परेशानी नहीं होगी.

कांग्रेस नेता गजानन (गज्जू) तिवारी ने कहा कि अव्यवस्था और प्रशासनिक अनदेखी के कारण किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही थी. एसडीएम से चर्चा के बाद वितरण शुरू कराया गया है.

गोदाम प्रभारी संतोष जोहरे ने बताया कि किसानों को कुछ गलतफहमी हुई थी. ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन से जुड़े दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं. एंट्री पूरी होते ही खाद वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा.

## साइकिल दुकान संचालक पर चाकू से हमला



नवभारत न्यूज.

**इटारसी, 4 अगस्त. शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच चाकूबाजी की एक और सनसनीखेज वारदात सामने आई है. मालवीयगंज क्षेत्र में मंगलवार को तीन नकाबपोश बदमाशों ने साइकिल दुकान संचालक गौरव राठौर पर चाकू और लोहे की रॉड से हमला कर दिया. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए.**

बालाजी मंदिर के पीछे आसफाबाद मोहल्ला निवासी गौरव राठौर पिता जयकुमार राठौर (28) मालवीयगंज स्थित अपनी साइकिल दुकान पर मौजूद थे. इसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधे तीन अज्ञात बदमाश दुकान में पहुंचे और अचानक हमला कर दिया. घायल गौरव ने बताया कि आरोपियों ने पहले सिर पर लोहे की रॉड से वार किया और इसके बाद चाकू से कमर के नीचे कई वार किए. अचानक हुए हमले से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया. स्थानीय लोगों के पहुंचने तक हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे.

घटना के बाद परिजन और स्थानीय नागरिक घायल गौरव राठौर को तत्काल शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि उनकी जांघ पर चाकू के कई घाव हैं.

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की पहचान कर कार्रवाई की जा सके.

## पतंजलि योग समिति ने मनाया जड़ी-बूटी दिवस

### कावेरी स्टेट में औषधीय पौधे रोपे, योग-प्राणायाम और यज्ञ के साथ हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 4 अगस्त. पतंजलि योग समिति इटारसी द्वारा कावेरी स्टेट स्थित गार्डन में तहसील स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर 'जड़ी-बूटी दिवस' मनाया गया. आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक संपदा के संरक्षण और औषधीय पौधों के संवर्धन को बढ़ावा देना था.**

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे नियमित योग-प्राणायाम और सुगंधित यज्ञ-आहुति के साथ हुई. इसके बाद परिसर में चंदन, गिलोय, एलोवेरा, अश्वगंधा, तुलसी, बेल, शमी, गुड़मार, अपराजिता और हड़जोड़ सहित कई औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया.

इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के प्रांतीय प्रचारक एवं जिला प्रभारी मोहनलाल गौर ने जड़ी-बूटियों के महत्व, उपयोगिता तथा आहार-विहार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी.

कार्यक्रम में गोदड़ी वाला धाम, पुरानी इटारसी ओवरब्रिज राम मंदिर क्लास, कावेरी स्टेट और न्यू यार्ड क्लास के योग प्रशिक्षक एवं साधक उपस्थित रहे. आयोजन के समापन पर सभी

## कांवड यात्रा बैजनाथ धाम दर्शन हेतु रवाना

**पिपरिया.** बाबा बैजनाथ थाम दर्शन हेतु कांवड यात्रा पिपरिया से रवाना हुई.पिछले 22 वर्षो से हर वर्ष भगवतसिंह रघुवंशी खिडिया के नेतृत्व में कांवड यात्रा पिपरिया से ट्रेन के माध्यम से भागलपुर सुलतानगंज जाती है यहां से गंगाजल भरकर 110 किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर कांवडिया बैजनाथ धाम में पहुंच शिवजी का जलाभिषेक करते है. पिपरिया से प्रकाश रघुवंशी,बी डी सराठे,गोलू,ललन रघुवंशी,राजू सराठे, निरपत सराठे, शेरसिंह, भाईजी रघुवंशी, भगतसिंह रघुवंशी,जितेन्द्र रघुवंशी पिपरिया से रवाना हुए. भगतसिंह रघुवंशी ने बतायाकि बैजनाथ धाम में भगवानशिव के 12 ज्योर्तिलिंगो में से एक है.



## बारिश की बेरुखी से सूखने लगी धान की फसल

### आसमान की ओर टिकी किसानों की निगाहें

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 4 अगस्त. जिले में मानसून की बेरुखी से धान की फसल पर संकट गहराने लगा है. खेतों में रोपे गए धान के पौधे अब नमी की कमी के कारण प्रभावित हो रहे हैं.**

कई क्षेत्रों में पौधों का रंग पीला पड़ने लगा है, वहीं कुछ खेतों में फसल सूखने की स्थिति में पहुंच गई है. इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है और वे अब अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं. धान ऐसी फसल है, जिसे शुरुआती दौर में पर्याप्त पानी और लगातार नमी की आवश्यकता होती है. लेकिन पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में पानी का स्तर कम होने लगा है. जिन किसानों के पास सिंचाई के सीमित साधन हैं, उनके सामने सबसे बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है. यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा.

**अब तक दर्ज वर्षा**

**तहसीलों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| सिवनी मालवा | : 365 मिमी |
| पिपरिया | : 403.3 मिमी |
| सोहागपुर | : 379 मिमी |
| बनखेड़ी | : 388 मिमी |
| डोलरिया | : 304.7 मिमी |
| इटारसी | : 343 मिमी |
| नर्मदापुरम | : 496 मिमी |

**तवा बांध की स्थिति**

- कुल जल भराव क्षमता: 1166 फीट
- वर्तमान जलस्तर: 1128.40 फीट
- शेष खाली: 37.60 फीट

## अतिक्रमण और गंदगी पर नगर पालिका सख्त

### दुकानों के बाहर रखा सामान हटाने के निर्देश, लापरवाही पर लगाए जुर्माने



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 4 अगस्त. शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका ने अतिक्रमण एवं गंदगी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है.**

इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सुश्री सुरेखा जाटव ने नगर पालिका अमले के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान पुरानी नगर पालिका कॉम्प्लेक्स में दुकानों के बाहर रखा सामान मिलने पर व्यापारियों को सामान हटाने के निर्देश दिए गए. सीएमओ ने दुकानदारों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**प्रदर्शन** — एसडीएम विजय राय सड़क पर बैठकर सुनी समस्याएं

## ई-टोकन व्यवस्था के विरोध में किसानों ने किया हाईवे जाम



नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 4 अगस्त. सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में खाद की कमी और ई-टोकन व्यवस्था से उत्पन्न परेशानियों को लेकर मंगलवार को किसानों का आक्रोश फूट पड़ा. बड़ी संख्या में किसानों ने नर्मदापुरम-हरदा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.**

किसानों का आरोप था कि ई-टोकन प्रणाली के कारण उन्हें समय पर खाद नहीं मिल रही है और घंटों लाइन में इंतजार करना पड़ रहा है. चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम विजय राय, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. एसडीएम विजय राय ने सड़क पर ही किसानों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं विस्तार से सुनीं और उन्हें शांत कराने का प्रयास किया.

एसडीएम विजय राय ने किसानों को बताया कि खाद वितरण केवल ई-टोकन के माध्यम से नहीं किया जा रहा है, बल्कि हाइब्रिड व्यवस्था के तहत आधार कार्ड और बही की प्रति के आधार पर भी खाद उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि किसी भी किसान को परेशानी का सामना न करना पड़े. उन्होंने यह भी बताया कि तकनीकी सुधार के बाद ई-टोकन व्यवस्था पुन: शुरू की गई है और फिलहाल ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से खाद का वितरण जारी रहेगा.

किसानों ने कृषि उपज मंडी में खाद वितरण के लिए काउंटरों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी. इस पर एसडीएम ने अतिरिक्त काउंटर शुरू कराने का आश्वासन देते हुए वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी संजय पाठक को तत्काल व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए.

किसानों ने आरोप लगाया कि पहले विरोध के बाद ई-टोकन व्यवस्था बंद की गई थी, लेकिन इसे दोबारा लागू कर दिया गया, जिससे किसानों की परेशानी फिर बढ़ गई है. उनका कहना था कि खरीफ सीजन के महत्वपूर्ण समय में खाद के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे खेती के कार्य प्रभावित हो रहे हैं. प्रशासन द्वारा अतिरिक्त व्यवस्था करने और खाद वितरण में सुधार का भरोसा दिए जाने के बाद किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त कर चक्काजाम हटा लिया. इसके बाद नर्मदापुरम-हरदा मुख्य मार्ग पर यातायात पुन: सामान्य हो गया.

## इटारसी में गूंजे किशोर दा के सदाबहार गीत

### भरत गायकवाड़ ने 15वें वर्ष निकाला संगीतमय रोड शो, 40 से अधिक गीतों से दी स्वरांजलि




नवभारत न्यूज

**इटारसी, 4 अगस्त. महान पार्श्व गायक किशोर कुमार की जयंती पर इटारसी में उनके प्रशंसक भरत गायकवाड़ ने लगातार 15वें वर्ष संगीतमय रोड शो निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. शहर के प्रमुख मार्गों से निकली इस संगीत यात्रा में किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की गूंज सुनाई दी.**

रोड शो की शुरुआत न्यास कॉलोनी स्थित सतरस्ते से हुई. भरत गायकवाड़ अपने साथियों के साथ खुले वाहन में सवार होकर सिंधी कॉलोनी, भारत टॉकीज, फल बाजार होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचे. पूरे मार्ग में उन्होंने किशोर कुमार के लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया.

### 40 से अधिक गीतों की दी प्रस्तुति

यात्रा के दौरान भरत गायकवाड़ ने 'ओ मेरे दिल के चैन', 'एक लड़की भीगी-भीगी सी', 'मेरे सपनों की रानी', 'पल-पल दिल के पास', 'प्यार दीवाना होता है', 'चला जाता हूं किसी की धुन में' और 'खइके पान बनारस वाला' सहित करीब 40 से 50 सदाबहार गीत गाए.